p>

Title: Need to construct a Foot-Over-Bridge on NH-2 and a trauma centre for treatment of accident cases in Giridih Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी (गिरिडीह): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, जो आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। हमारे क्षेत्र में एनएचएआई, जो प्रमुख सड़क है, वहां एनएच 2 सिक्स लेन बन रहा है, जिसके कारण घनी आबादी क्षेत्र के आम लोगों को रोड के इस पार से उस पार जाने में काफी परेशानी होती है। हम चाहते हैं कि वहां पर फुट ओवर ब्रिज या अंडरग्राउण्ड मार्ग बने । इसके साथ-साथ एनएच 33 व एनएच 23 दोनों क्रॉस करते हैं, जिसके कारण एक्सिडेंट की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं। उसकी वजह से घाटी क्षेत्र में काफी दुर्घटनाएं होती हैं। इसलिए, मैं चाहता हूं कि वहां पर एक ट्रामा सेंटर बने। उस रोड को बनाने में, जो अलाइन्मेंट हुआ है और जिस हिसाब से घाटी क्षेत्र में रोड बननी चाहिए, वह नहीं बनी है, इसलिए उसमें फिर से सुधार करना चाहिए।…(व्यवधान) एक एनएच 23 है, जिसमें आधा फोर लेन बना है और आधा टू लेन बना है, उसको पूरा फोर लेन बनाया जाए।